दूरभाष- 0522-2787951

समुत्कर्षा बालिका शिविर

दिनांक :- 27 जनवरी से 30 जनवरी 2018, स्थान :- मेला परिसर प्रयाग, इलाहाबाद

विद्या भारती पूर्वी उ.प्र.

सरस्वती कुञ्ज, निरालानगर, लखनऊ-226020

Email: vidyabhartipurviup@gmail.com, Website: vbeastup.org

दिनांक : 12.12.2017

आदरणीय बन्धु/भगिनी

सादर नमस्कार!

ईश कृपा से आप स्वस्थ एवं सानन्द होंगे। विदित हो कि **"समुत्कर्षा" क्षेत्रीय बालिका शिविर** का सफल आयोजन आपके अथक प्रयास से ही सम्भव है। इस पुनीत कार्य को सफलता प्रदान करने हेतु अपनी प्रबन्ध समिति एवं आचार्यों के साथ मिलकर विद्यालय स्तर पर योजनाबद्ध पंजीकरण पूर्ण कर लिये होंगे।

विद्या भारती पूर्वी उ0प्र0 क्षेत्र द्वारा आयोजित समुत्कर्षा बालिका शिविर की दृष्टि से ज्वाला देवी सरस्वती विद्या मन्दिर गंगापुरी, प्रयाग में दिनांक 30 दिसम्बर 2017 की सायंकाल से 31 दिसम्बर 2017 की सायंकाल तक आयोजित बैठक में निम्नलिखित सूचनाओं एवं अपेक्षित बन्धु/भगिनियों के साथ इस बैठक में प्रतिभाग करना है।

1. प्रत्येक नगर की आन्तरिक व्यवस्था के लिए 10 पूर्व छात्राओं को बैठक में साथ लेकर आयें। ध्यान रहे इनसे वार्ता करके यह स्पष्ट कर लेना चाहिए कि व्यवस्था कि दृष्टि से 25 जनवरी 2018 से ही इन्हें शिविर स्थान पर आ जाना होगा जिनकी सिद्धता हो उन्हें ही बैठक में लेकर आयें।

2. अपने स्थान से 5 लोगों की जिसमें प्रधानाचार्य बन्धु/भगिनी अथवा वरिष्ठ आचार्य/आचार्या हो सकते हैं उनकी संचालन समिति बनाकर संचालन समिति के सदस्यों को इस बैठक में लाना है।

3. प्रत्येक प्रान्तीय समिति संचालन समिति के अतिरिक्त 5 बन्धु/भगिनी को इस बैठक में साथ लेकर आयें। ध्यान रहे व्यवस्था के बन्धु/भगिनी को एक सप्ताह पूर्व व्यवस्था के लिए आना होगा। ऐसी मानसिकता बनाकर उन्हें बैठक में लायें।

4. जिनको बैठक में आना है उनकी सूची 25 दिसम्बर 2017 तक विद्या भारती पूर्वी उ0प्र0 क्षेत्र लखनऊ व शिशु शिक्षा समिति गोरक्ष प्रान्त के ईमेल पर प्रेषित करें तथा बैठक में प्रतिभाग करने वाले बन्धु/भगिनी का जाने–आने का आरक्षण अपने स्थान से करा ले।

5. इस बैठक में आने से पूर्व पूर्वसूचना के अनुसार पंजीकरण प्रपत्र व शुल्क तथा विज्ञापन की राशि एवं विज्ञापन का प्रपत्र (जो विज्ञापन में छपना है) उसको साथ लेकर अवश्य आयें।

पूर्ण विश्वास है ज्वाला देवी सरस्वती विद्या मन्दिर गंगापुरी, प्रयाग में आयोजित इस बैठक में पूर्ण तैयारी के साथ प्रतिभाग करेंगे यही आप सभी से अपेक्षा है।

भवदीय

आत्मानन्द सिंह

संयोजक

समुत्कर्षा बालिका शिविर